प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

22 मार्च 2024

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना के अंतर्गत अंतिम मोचन – 28 मार्च 2024 (29 मार्च 2024 को छुट्टी होने के कारण) को देय एसजीबी 2016 शृंखला II के अंतिम मोचन के लिए मोचन मूल्य

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 4 मार्च 2016 की अधिसूचना एफ.सं.4(19)-डब्ल्यूएंडएम/2014 (एसजीबी 2016 शृंखला II - जारी करने की तारीख 29 मार्च 2016) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड की चुकौती, स्वर्ण बॉण्ड जारी होने की तारीख से आठ वर्ष की समाप्ति पर की जाएगी। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला की अंतिम मोचन तिथि 28 मार्च 2024 (29 मार्च 2024 को छुट्टी होने के कारण) होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित 999 शुद्धता वाले स्वर्ण के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा। तद्नुसार, 28 मार्च 2024 (29 मार्च 2024 को छुट्टी होने के कारण) को देय अंतिम मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹6601/- (छह हजार छह सौ एक रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा, जो 18-22 मार्च 2024 सप्ताह के लिए स्वर्ण के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/2107